भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*411
सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक)

विद्यालयी/उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों में बेरोज़गारी दर

*411. श्री के॰ सुधाकरनः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 तथा 2019 के मध्य विद्यालयी शिक्षा पूर्ण कर चुके लोगों में वर्ष-वार, ग्रामीण-शहरी क्षेत्र-वार एवं लिंग-वार बेरोज़गारी दर क्या है;
(ख) वर्ष 2014 तथा 2019 के मध्य महाविद्यालयी शिक्षा पूर्ण कर चुके लोगों में वर्ष-वार, ग्रामीण-शहरी क्षेत्र-वार एवं लिंग-वार बेरोज़गारी दर क्या है;
(ग) 01 जनवरी, 2020 की स्थिति के अनुसार देश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की संकाय-वार संख्या कितनी है तथा उक्त तारीख के अनुसार उपलब्ध नौकरियों की संकाय-वार संख्या कितनी है;
(घ) क्या किसी संकाय विशेष में विद्यार्थियों की संख्या तथा उपलब्ध नौकरियों की संख्या में कोई विसंगति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा कुशल कामगारों को प्रदान किये जा रहे प्रोत्साहनों का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

**श्री के० सुधाकरन द्वारा विद्यालयी/उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों में बेरोज़गारी दर के संबंध में दिनांक 23.03.2020 को पूछे गए लोक सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *411 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क एवं ख): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा रोजगार एवं बेरोजगारी पर पंचवर्षीय श्रमबल सर्वेक्षण आयोजित किए गए थे। ऐसा पिछला सर्वेक्षण 2011-12 के दौरान आयोजित किया गया था। अब, एनएसओ वार्षिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) करने लगा है, जो 2017-18 के दौरान आयोजित किया गया था। 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के विभिन्न शैक्षिक उपलब्धियों वाले व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर अनुमानित बेरोजगारी की दर नीचे दी गई है:

| बेरोजगारी दर (% में) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सर्वेक्षण अवधि | लिंग | साक्षर और प्राथमिक तक | मिडिल | माध्यमिक | उच्च माध्यमिक | स्नातक | स्नातक एवं उससे अधिक | स्नातकोत्तर एवं उससे अधिक |
| 2011-12 (एनएसएस 68वां दौर) | ग्रामीण पुरूष | **1.0** | **1.8** | **1.9** | **3.1** | - | **7.2** | - |
| | ग्रामीण महिला | **0.3** | **2.5** | **5.5** | **8.8** | - | **19.0** | - |
| | शहरी पुरूष | **1.9** | **2.2** | **2.3** | **4.6** | - | **5.1** | - |
| | शहरी महिला | **1.3** | **3.0** | **6.8** | **8.4** | - | **12.7** | - |
| 2017-18 (पीएलएफएस) | ग्रामीण पुरूष | **3.1** | **5.7** | **5.6** | **9.5** | **18.1** | - | **13.3** |
| | ग्रामीण महिला | **0.6** | **3.7** | **4.4** | **14.4** | **32.7** | - | **36.8** |
| | शहरी पुरूष | **3.6** | **6.0** | **5.8** | **9.2** | **11.7** | - | **8.6** |
| | शहरी महिला | **1.3** | **5.1** | **10.6** | **17.2** | **24.4** | - | **19.5** |

(टिप्पणी: * तुलनीयता के लिए, एनएसएस सर्वेक्षणों के पूर्व के दौर के साथ पीएलएफएस के परिणामों को उस संदर्भ में समझने की आवश्यकता है जिसके साथ सर्वेक्षण पद्धति और नमूना चिन्हित किया गया है।

(ग एवं घ): मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 2018-19 के दौरान उच्च शिक्षा पर आयोजित किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, प्रमुख संकायों/विषयों में उच्च शिक्षा में छात्रों के नामांकन का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। संकाय-वार उपलब्ध रोजगार से संबंधित सूचना केंद्रीय स्तर पर नहीं रखी जाती है।

सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है। ये सेवाएं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

(ङ): कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय देश भर में चार वर्षों अर्थात् 2016-2020 के लिए 12000 करोड़ के व्यय के साथ अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) एवं पूर्व सीखने को मान्यता (आरपीएल) के तहत एक करोड़ व्यक्तियों को कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 का कार्यान्वियन कर रहा है। इस योजना के तहत, अभ्यर्थी के निवास स्थान के जिले के भीतर अथवा बाहर नियोजन के आधार पर 2 अथवा 3 माह प्रशिक्षण पश्च हेतु महिलाओं सहित विशेष समूहों के लिए 1500/- रुपए प्रतिमाह प्रति प्रशिक्षु नियोजन पश्च सहायता लागू है। केंद्रीय स्तर पर क्षेत्र-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) जैसी योजनाएं, जिनमें सरकार शिक्षुओं को देय वृत्तिका के 25 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति करती है, भी रोजगार प्राप्त करवाने हेतु युवाओं की नियोजनीयता को बढ़ाती हैं।

*****

**अनुबंध**

**लोक सभा के दिनांक 23.03.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *411 के भाग (ग एवं घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**प्रमुख संकायों/विषयों में उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों के नामांकन का विवरण (संख्या में)**

| प्रमुख संकायों/विषयों में अंडर ग्रेजुएट स्तर पर नामांकन(वास्तविक पर आधारित) | | प्रमुख संकायों/विषयों विषयों में पीएचडी, एम.फिल एवं स्नातकोत्तर स्तर में नामांकन (वास्तविक आधार पर) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **संकाय** | **अंडर ग्रेजुएट** | **संकाय** | **पीएच.डी** | **एम.फिल** | **स्नातकोत्तर** |
| कला | 9349287 | कृषि | 6056 | 66 | 27805 |
| विज्ञान | 4713301 | अध्ययन क्षेत्र | 3101 | 1916 | 114654 |
| वाणिज्य | 4030886 | वाणिज्य | 5351 | 2078 | 450333 |
| अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी | 3852188 | अपराध विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान | 44 | 2 | 653 |
| शिक्षा | 1449789 | सांस्कृतिक अध्ययन | 456 | 238 | 13477 |
| चिकित्सा विज्ञान | 1196758 | रक्षा अध्ययन | 65 | 157 | 3033 |
| सामाजिक विज्ञान | 905315 | डिज़ाइन | 128 | 1 | 3387 |
| आईटी और कंप्यूटर | 747327 | विकलांगता अध्ययन | 19 | 18 | 253 |
| प्रबंधन | 650498 | शिक्षा | 6200 | 1239 | 209336 |
| विधि | 398584 | अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी | 41869 | 35 | 182187 |
| भारतीय भाषा | 305947 | फैशन टेक्नोलॉजी | 64 | 235 | |
| कृषि | 250023 | ललित कला | 958 | 252 | 7095 |
| विदेशी भाषा | 145844 | मत्स्य विज्ञान | 285 | 4 | 1227 |
| ओरिएंटल लर्निंग | 77767 | फुटवियर डिजाइन | 0 | 0 | 194 |
| गृह विज्ञान | 74722 | विदेशी भाषा | 3694 | 2738 | 194702 |
| सामाजिक कार्य | 67086 | गांधीवादी अध्ययन | 61 | 45 | 872 |
| अध्ययन का क्षेत्र | 65876 | गृह विज्ञान | 904 | 76 | 11827 |
| शारीरिक शिक्षा | 52102 | आतिथ्य और पर्यटन | 0 | 0 | 359 |
| ललित कला | 51762 | भारतीय भाषा | 8016 | 3710 | 298289 |
| पुस्तकालय और सूचना विज्ञान | 49890 | आईटी और कंप्यूटर | 2865 | 1174 | 197049 |
| पत्रकारिता और जनसंचार | 26768 | पत्रकारिता और जनसंचार | 796 | 150 | 17304 |
| डिज़ाइन | 24501 | विधि | 2546 | 410 | 24897 |
| भाषाविज्ञान | 23599 | पुस्तकालय और सूचना विज्ञान | 867 | 164 | 11175 |
| फैशन टेक्नोलॉजी | 20411 | भाषाविज्ञान | 913 | 358 | 270 |
| पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान | 18899 | प्रबंधन | 9971 | 631 | 635399 |
| आतिथ्य और पर्यटन | 10618 | समुद्री विज्ञान /समुद्र विज्ञान | 445 | 22 | 899 |
| सांस्कृतिक अध्ययन | 9888 | चिकित्सा विज्ञान | 7473 | 369 | 159250 |
| पैरामेडिकल साइंस | 7301 | ओरिएंटल लर्निंग | 1044 | 282 | 26460 |
| धार्मिक अध्ययन | 5958 | पैरामेडिकल साइंस | 0 | 0 | 153 |
| मत्स्य विज्ञान | 4797 | शारीरिक शिक्षा | 989 | 374 | 8871 |
| महिला अध्ययन | 3739 | धार्मिक अध्ययन | 576 | 87 | 4809 |
| फुटवियर डिजाइन | 1365 | विज्ञान | 44702 | 7321 | 587592 |
| समुद्री विज्ञान / समुद्र विज्ञान | 1318 | सामाजिक विज्ञान | 16698 | 6376 | 715743 |
| रक्षा अध्ययन | 1314 | सामाजिक कार्य | 583 | 343 | 48711 |
| अपराध विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान | 958 | पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान | 1326 | 0 | 3527 |
| गांधीवादी अध्ययन | 365 | महिला अध्ययन | 105 | 48 | 11432 |
| कुल योग | 28596751 | कुल योग | 169170 | 30692 | 3975286 |

स्रोत: उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2018-19 मानव संसाधन विकास मंत्रालय